JLOTS परियोजना

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

अमेरिका ने **ज्वाइंट लॉजिस्टिक्स ओवर-द-शोर प्रोजेक्ट (JLOTS)** के माध्यम से समुद्र में फ्लोटिंग डॉक से गाज़ा को सहायता पहुँचाने की योजना बनाई है। इसका लक्ष्य **गाज़ा को प्रतिदिन 20 लाख तक की खाद्यान सहायता पहुँचाना है**।

- JLOTS क्षमताओं का उपयोग **समुद्र के द्वारा कार्गो परिवहन हेतु** किया जाता है जब एक या अधिक बंदरगाह संचालित नहीं किये जा सकते हैं अथवा **लोडिंग या अनलोडिंग के लिये उपलब्ध नहीं** हैं।
  - कुल मिलाकर, JLOTS प्रभावी आपदा प्रतिक्रिया तथा मानवीय सहायता वितरण की सुविधा हेतु बुनियादी ढाँचे, रसद, सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरणीय विचारों को एकीकृत करता है।
- इस परियोजना में **दो मुख्य घटक शामिल** होंगे, **एक फ्लोटिंग डॉक एवं एक कॉजवे वाला लंबा घाट**।
  - **फ्लोटिंग डॉक** का निर्माण रोल-ऑन, रोल-ऑफ जहाज़ द्वारा साइट पर पहुँचाये गए स्टील घटकों का उपयोग करके किया जाएगा, यह एक प्रकार का कार्गो जहाज़ है जो भारी सामान को लोड करने एवं अनलोड करने हेतु एक महत्त्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है।
  - यह तट के किनारे से जुड़ेगा, जबकि **डॉक को एक किलोमीटर दूर तक स्थापित** किया जा सकता है। यह सेटअप सुनिश्चित करता है,कि सहायता ले जाने वाले **जहाज़ किनारे के पास उथले जल में फँसने के जोखिम से बच सके**।

और पढ़ें...इज़राइल-हमास संघर्ष और इसका वैश्विक प्रभाव, इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jlots-project